# COLLEGE OF AGRICULTURE

(S.K.N. AGRICULTURE UNIVERSITY, JOBNER (JAIPUR) RAJASTHAN)
KUMHER- DEEG PIN- 321201

Dr Udai Bhan Singh
Dean

Mobile No.: 9414714234
Email: dean.coabharatpur@sknau.ac.in


No. F. /Store/COA-K/2025/3944

Dated: 10-07-2025

## केन्टीन संचालन हेतु सीमित निविदा सूचना

कृषि महाविद्यालय कुम्हेर–डीग परिसर में छात्र–छात्राओं एवं स्टाफ के लिये केन्टीन संचालन हेतु इच्छुक व्यक्तियों/फर्मों से सीमित निविदा दिनांक 16.07.2025 को सुबह 11 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 16.07.2025 को दोपहर 12.30 बजे कमेटी एवं निविदादाताओं के समक्ष निविदा लगाई जायेगी। सीमित निविदा से सम्बंधित विस्तृत विवरण www.sknau.ac.in अथवा कार्यालय में देखा जा सकता है। इस निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, डीग को होगा। निविदा प्रपत्र शुल्क 200 रुपये होगा तथा धरोहर राशि 3000 रुपये होगी जिसे जरिए नगद/यूपीआई/डी.डी. (जो कि अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय भरतपुर के नाम देय होगा) जमा करवानी होगी। सीमित निविदा हेतु शर्ते Annexure -1 में संलग्न है। सभी शर्तों को ध्यान से पढकर हस्ताक्षर करें तथा उनकी अनुपालना करें।

अधिष्ठाता

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. श्रीमान वित्त नियंत्रक, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर।
2. फार्म प्रभारी/रोकड शाखा/सूचना पट्टः कार्यालय, कृषि महाविद्यालय।
3. कय विकय समिति के सभी सदस्यों को सूचनार्थ ।
4. ग्राम पंचायत बैलारा कलां सूचना पट्ट
5. नगरपालिका कुम्हेर सूचना पट्ट
6. प्रभारी CIMCA, SKNAU, Jobner को प्रेषित करते हुए लेख है कि निविदा की प्रति को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने का श्रम करे।

अधिष्ठाता

निविदा हेतु शर्तें:-

Annexure-1

1. सफल बोलीदाता को 3000 रुपये अमानत राशि मौके पर जमा कराने होगें।
2. दो महीने का किराया अग्रिम देय होगा एवं न्यूनतम निविदा 800 प्रति माह से शुरु होगी।
3. विद्युत शुल्क विश्वविद्यालय नियमानुसार ₹15/– प्रति यूनिट देय होगा।
4. केन्टीन का किराया अधिकतम बाली द्वारा निर्धारित होगा।
5. सभी सामान एवं फर्नीचर की व्यवस्था ठेकेदार खुद करेगा तथा टूट-फूट की जिम्मेदारी ठेकेदार स्वयं की होगी।
6. यदि ठेकेदार किसी को उधार देता है तो उसमें महाविद्यालय के प्रशासन की कोई जिम्मेदारी नही होगी।
7. नॉन-एम.आर.पी. सामान को ठेकेदार पूर्व में ही दर निर्धारित करेगा तथा सामान की एम.आर.पी. से अधिक वसूली नही करेगा।
8. सभी सेवाऐं केन्टीन में खुद ठेकेदार प्रदान करवायेगा।
9. सभी सामान की गुणवत्ता के साथ कोई भी समझौता नही होगा।
10. तम्बाकू इत्यादि वर्जित सामान केन्टीन में बेचना अवैध होगा तथा ठेकेदार स्वयं या उसका कोई कर्मचारी कार्य समय में नशा करके या नशा की हालत में होने की अनुमति नहीं होगी, यदि कोई ऐसा करता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी
11. केन्टीन की साफ-सफाई की जिम्मेदारी स्वयं ठेकेदार की होगी।
12. केन्टीन के खुलने का समय महाविद्यालय के कार्यदिवस में सुबह 10 बजे से सांय 5 बजे तक रहेगा।
13. ठेकेदार महाविद्यालय द्वारा देय कमरे में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नही करेगा।
14. ठेकेदार FSSAI से निर्धारित लाइसेंस धारक होना चाहिए।
15. ठेकेदार को अपना पैनकार्ड एवं आधार कार्ड की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा।
16. प्रतिबंधित स्डिपोजल केन्टीन में अनुमत नहीं होंगे।
17. ठेकेदार एवं उसके स्टाफ एवं स्वयं उसके कर्मचारियों द्वारा विद्यार्थी एवं स्टाफ के साथ अच्छे व्यवहार की उम्मीद की जाती है।
18. ठेकेदार उपलब्ध वस्तु को बेचने से इंकार नही कर सकता है।
19. केन्टीन कार्य का 100 रुपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर 12 माह अनुबंध पत्र देना होगा। जिसका खर्चा स्वयं ठेकेदार का होगा। 12 माह बाद ठेका स्वतः ही समाप्त हो जायेगा। ठेकेदार को कम से कम छः माह केन्टीन संचालन करना होगा, यदि उससे पहले छोडकर जाता है तो उसकी सुरक्षा राशि महाविद्यालय प्रशासन द्वारा जब्त कर ली जावेगी।
20. केन्टीन की दरें निम्नानुसार दरें होंगी-चाय – 150 एम.एल. – 10 रुपये, कॉफी – 125 एम.एल. – 15 रुपये, समोसा – 75 ग्राम – 10 रुपये, कचौडी – 60 ग्राम – 10 रुपये, पेटीज – 110 ग्राम – 20 रुपये, चाउमीन – 100 ग्राम – 10 रुपये प्रति प्लेट, बर्गर – 80 ग्राम – 25 रुपये, गर्म मीठा दूध – 70 रुपये किलो, आलू पराठा – 100 ग्राम 20 रुपये, ब्रेड पकौडा – 60 ग्राम 25 रुपये, बिस्कुट्स/नमकीन/चिप्स/दही एवं अन्य पैकड आइटम एम.आर.पी. दर पर। उपरोक्त समग्री ताजा बनी होनीं चाहिए तथा फूड पाइजनिंग की जिम्मेदारी स्वयं ठेकेदार की होगी।

नोट– यह अनुबंध आदेश प्राप्ति के 12 माह तक प्रभावी रहेगा जिसे आवश्यकतानुसार/नियमानुसार बढाया जा सकता है।

अधिष्ठाता

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि कृषि महाविद्यालय कुम्हेर-डीग की निविदा क्रमांक No.F./ Store/ COA-BTP/2025/ दिनांक 10.07.2025 की समस्त नियम एवं शर्तो का पालन करुँगा/करुंगी।

निविदादाता के हस्ताक्षर

# कृषि महाविद्यालय कुम्हेर
(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर)

## केन्टीन निविदा हेतु वित्तीय निविदा प्रपत्र

| क.सं. | विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | निविदादाता का नाम | |
| 2 | निविदादाता का पता | |
| 3 | निविदा प्रपत्र शुल्क रसीद संख्या | |
| 4 | थ्नविदादाता का आधार कार्ड संख्या | |
| 5 | निविदादाता का पैन कार्ड संख्या | |
| 6 | निविदादाता के स्वयं के खाते केन्सिल चैक की प्रति | |
| 7 | FSSAI द्वारा जारी लाइसेंस संख्या | |
| 8 | किराय प्रति माह देय | |

उक्त समस्त दस्तावेजात की स्वयं हस्ताक्षरित फोटो प्रति इस प्रपत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

निविदादाता के हस्ताक्षर